प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 30.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व / निर्देशन पर जनपदीय पुलिस के समस्त कार्यालयों/थानों में जनसुनवाई का आयोजन कर जनसामान्य की समस्याओं को किया गया निस्तारित-






आज दिनांक 30.11.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की गई, इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0 के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी सदर श्री रामप्रवेश राय मौजूद रहे।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस के सभी कार्यालयों/थानों में सम्बन्धित प्रभारी द्वारा प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई का आयोजन किया गया, इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया व प्राप्त शिकायतों का शीघ्र/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 30.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना खरेला पुलिस टीम ने अवैध तमंचा मय जिन्दा कारतूस के साथ 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार ।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे अवैध शस्त्र निर्माण व अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों के विरुद्ध गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 29.11.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खरेला श्री गणेश कुमार द्वारा टीम गठित उ0नि0 गिरिजाशंकर पाण्डेय मय उ0नि0 शिवकुमार यादव द्वारा 02 नफर अभियुक्त 1.गनेशा अहिरवार पुत्र रामजीवन अहिरवार उम्र 20 वर्ष के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज तथा 2.दीपू अहिरवार पुत्र जानकी प्रसाद अहिरवार उम्र 19 वर्ष के कब्जे से 02 अदद जिन्दा कारतूत 315 बोर नाजायज के साथ ग्राम परथनिया बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0सं0 110/2022 व 111/2022 अन्तर्गत धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया । बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मान0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया ।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.गनेशा अहिरवार पुत्र रामजीवन अहिरवार उम्र 20 वर्ष 2. दीपू अहिरवार पुत्र जानकी प्रसाद अहिरवार उम्र 19 वर्ष निवासीगण ग्राम दिदुवारा थाना जुझारनगर तहसील लवकुश नगर जनपद छतरपुर म0प्र0

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 गिरिजाशंकर पाण्डेय2.उ0नि0 शिवकुमार यादव
3.का.चन्दन कुमार 4.का.राहुल यादव




@mahobapolice
SP Mahoba @mahobapolice
7839857330

# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 30.11.2022**

**मीडिया सेल, महोबा**

## यूपी-112 पीआरवी कर्मियों को 'बेसिक पुलिस टैक्टिस' का दिया गया प्रशिक्षण संदिग्ध की तलाशी व गिरफ्तारी सहित कई आधुनिक तरीके बताये गए..

आज दिनाँक 30.11.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर. के. गौतम के द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में चल रहे पीआरवी कर्मियों के दिनांक 10.11.2022 से 18 दिवसीय फ्रेशर प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा बेहतर पुलिसिंग हेतु अवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पीआरवी कर्मियों को और चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए 'बेसिक पुलिस टैक्टिस' का प्रशिक्षण दिया गया । मुख्यालय 112-यूपी के दिशा-निर्देश में महोबा जिले के 25 पुलिस कर्मियों को बुनियादी पुलिस रणनीति की जानकारी दी गयी । प्रशिक्षण में पीआरवी द्वारा प्रतिदिन किये जाने वाले कार्यों को शामिल किया गया है ।

पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण में बताया गया कि कार्य के दौरान यदि किसी आरोपी को गिरफ्तार करने की ज़रूरत पड़े तो उसको कैसे गिरफ्तार किया जाये । प्रशिक्षण में पुलिस कर्मियों को बताया गया कि किसी संदिग्ध व्यक्ति या स्थान की तलाशी कैसे लेनी है और इस दौरान किन-किन सावधानियों को ध्यान में रखना है, पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण देने का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करना है । इसके साथ ही गिरफ्तारी के दौरान होने वाली अप्रिय घटनाओं और पीआरवी के साथ सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके ।






# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 30.11.2022

मीडिया सेल, महोबा

## अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उपहार देकर दी गई भावुक विदाई।





आज दिनांक 30.11.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद महोबा में नियुक्त पुलिस कर्मियों (उ0नि0 व मुख्य आरक्षी) को उ0प्र0 पुलिस सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा स्मृति चिन्ह/शॉल, उपहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया एवं पुलिस सेवा में रहते हुये उनके द्वारा किये गये सराहनीय सेवाओं को याद करते हुये सभी के उज्ज्वल भविष्य व उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गयी।

**सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों का विवरण...**

1. उ0नि0 रामानुज पाण्डेय स्थानीय अभिसूचना इकाई
2. आरक्षी कौशल किशोर पुलिस लाइन महोबा

उक्त विदाई समारोह के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम, क्षेत्राधिकारी कार्यालय/यातायात सुश्री हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, प्रतिसार निरीक्षक श्री सैन्यजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण सहित सेवानिवृत्त हुये कर्मियों के पारिवारीजन भी मौजूद रहे।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 30.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जिलाधिकारी महोबा द्वारा किया गया "यातायात माह नवम्बर 2022" का समापन...।

यातायात माह नवम्बर के समापन होने पर आज दिनांक 30.11.2022 को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम महोबा में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महोबा श्री मनोज कुमार सिंह द्वारा यातायात माह नवम्बर का समापन पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह सहित जनपदीय पुलिस/प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनपद के गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

यातायात माह नवम्बर के समापन के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम को आंदोलनात्मक रूप देने का प्रयास किया गया साथ ही यातायात नियमों का पालन किये जाने की सभी ने कटिबद्धता व्यक्त की।

जिलाधिकारी महोबा द्वारा उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए यातायात नियमो के जागरूकता की आवश्यकता, जागरूकता कार्यक्रमों की प्रासंगिकता का उल्लेख करते हुए जनपदीय पुलिस द्वारा किये गए जागरूकता कार्यक्रम के दृष्टिगत पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की सराहना की गयी तथा जागरूकता कार्यक्रम को अधिक से अधिक संख्या में करने हेतु प्रोत्साहित एवं प्रेरित किया गया।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा बताया गया कि यातायात माह नवम्बर के दौरान वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रो में लोगो जागरूक करने के साथ-साथ मालवाहक वाहनों से सवारी ढोने वालो को जागरूक करते हुए प्रवर्तन की कार्यवाही की गई तथा लोगो से यातायात नियमो के पालन करने की अपील करते हुए अन्य लोगो को जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महोबा श्री मनोज कुमार सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अपने विचार व्यक्त करने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत करते हुये प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर यातायात नियमो का पालन करने एवं सभी को यातायात नियमों के प्रति जागरुकता हेतु प्रेरित किया गया तथा जनपद महोबा पुलिस द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रतिष्ठित व्यवसायियों, स्कूली बच्चों एवं स्कूल के प्रबन्धक गणों का सहृदय आभार व्यक्त किया गया।











# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 30.11.2022

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली महोबा पुलिस टीम ने अवैध तमंचा मय जिन्दा कारतूस व चाकू के साथ 04 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार ।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे अवैध शस्त्र निर्माण व अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों के विरुद्ध गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 30.11.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री बलराम सिंह द्वारा गठित टीम उ0नि0 श्री शेरेआलम खाँ द्वारा तलाश वांछित/वारण्टी, चेकिंग संदिग्ध/व्यक्ति के दौरान कुल 04 नफर अभियुक्तगणों को विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार कर थाना हाजा पर अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

1.उ0नि0 शेरेआलम खाँ प्रभारी चौकी मनियादेव थाना कोतवाली नगर महोबा
2. उ0नि0 श्री मलखान सिंह 3. उ0नि श्री विवेक कुमार यादव
4. का0 शिवबाबू 5. का0 आशीष पाल 6. का0 प्रवीण कुमार वर्मा

### गिरफ्तार अभियुक्त व आपराधिक विवरण, बरामदगी –

1. दुर्गेश शिवहरे उर्फ बउआ उर्फ मुर्गी पुत्र कालीचरन शिवहरे उम्र 25 वर्ष निवासी मु0 जारीगंज थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर सम्बन्धित मु0अ0सं0 543/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट

2. मोनू उर्फ मुकेश कुशवाहा पुत्र बलराम कुशवाहा उम्र 20 वर्ष निवासी मु0 रामबाग थाना कोतवाली नगर जनपद छतरपुर म0प्र0 के कब्जे से 01 अदद अवैध चाकू बरामद सम्बन्धित मु0अ0स0 544/22 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट

3. अकरम राइन पुत्र अब्दुल रसूल उम्र 22 वर्ष निवासी मु0 सिद्धेश्वर कॉलोनी थाना कोतवाली नगर जनपद छतरपुर के कब्जे से 01 अदद अवैध चाकू बरामद सम्बन्धित मु0अ0स0 545/22 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट

4. नीरज शर्मा पुत्र मोहनलाल शर्मा उम्र 36 वर्ष निवासी मु0 भटियाना थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा के कब्जे से 01 अदद अवैध चाकू बरामद सम्बन्धित मु0अ0स0 546/22 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट





# महोबा पुलिस



## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में कानून एंव शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा ।

आज दिनांक **30.11.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में कानून एंव शांति व्यवस्था के दृष्टिगत आमजन से संवाद स्थापित कर कानून व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील ।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गस्त की गयी । स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई ।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।

यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर **650** वाहनो के ई-चालान किये गये ।



## यातायात माह नवम्बर-2022 के अंतर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान एवं जनपद पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में दिनांक 01.11.2022 यातायात माह नवम्बर का प्रारंम्भ किया गया। जिसका समापन आज दिनांक 30.11.2022 को जिलाधिकारी महोबा द्वारा स्पोर्ट्स स्टेडियम महोबा में किया गया।

क्षेत्राधिकारी यातायात हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय यातायात पुलिस टीम द्वारा यातायात माह के दौरान की गयी कार्यवाही व जागरूकता अभियान के सम्बन्ध में-

1)यातायात माह नवंबर-22 के क्रम में जनपद अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में जाकर बडे स्तर पर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया।

2)नुक्कड़ नाटक एवं संगोष्ठी आयोजित कर जनता के लोगों को जागरूक किया गया।

3)निबंध चित्रकला क्विज व अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन कर बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

4)कुल-569 ट्रक,ट्रैक्टर,ई-रिक्शा,ऑटो रिक्शा चालको को प्रशिक्षण दिया गया।

5)मेले, त्योहारों के अवसर पर एवं सार्वजनिक स्थानों, बाइक रैली,प्रचार वाहनों साथ ही ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में चौपाल लगाकर जनता के लगभग 26,000 लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया-

6) दिनांक 22.11.2022 को नेत्र शिविर लगाकर ट्रक,बस चालको व पुलिस विभाग के चालको व यातायात पुलिस के कर्मचारियो का नेत्र परीक्षण कराया गया –

7)मुझ पुलिस अधीक्षक द्वारा सेमिनार व मीटिंग का आयोजन कर मोटर वाहन अधिनियम के बारे मे समस्त थाना प्रभारी,चौकी प्रभारी एवं यातायात कर्मियो व अन्य पुलिस कर्मियो को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

8)क्षेत्राधिकारी य़ातायात, समस्त क्षेत्राधिकारीगण अपर पुलिस अधीक्षक व मेरे द्वारा समय समय पर यातायात नियमो के बारे मे जनसामान्य़ को जागरूक किया गया तथा सडक दुर्घटना से सम्बन्धित "गोल्डन आवर" के विषय मे भी लोगो को जागरूक किया गया जिससे सडक दुर्घटनाओ मे मृत्यु दर कम की जा सके।-

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 30.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जनपद अंतर्गत यातायात माह नवंबर में की गई कार्यवाही का कुल विवरण

| | |
|---|---|
| कुल वाहन चेक किये गए | 29756 |
| कुल चालान की संख्या | 8,322 |
| राजस्व वसूली | 4,28,200 |
| सीज वाहन की संख्या | 03 |
| बिना हेलमेट | 3882 |
| बिना सीट बेल्ट | 618 |
| गलत दिशा में वाहन चलाने पर | 64 |
| तीन सवारी मोटरसाइकिल | 403 |
| निर्धारित गति सीमा से अधिक गाड़ी चलाने पर | 28 |
| शराब पीकर वाहन चलाने पर | 21 |
| वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने पर | 36 |
| वाहन हूटर, सायरन, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने पर | 27 |
| बिना लाइसेंस | 2998 |
| बिना बीमा | 108 |
| बिना प्रदूशण | 58 |
| गलत नम्बर प्लेट/बिना नम्बर प्लेट | 87 |

**प्रशिक्षण**

स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से फर्स्ट ऐड हेतु कुल 30 पुलिसकर्मियों एवं पुलिस विभाग द्वारा 75 पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया गया- कुल 105 पुलिसकर्मी प्रशिक्षित

पुलिस द्वारा दुर्घटना में घायल कुल 07 लोगों को समय से अस्पताल पहुंचा कर उनकी जान बचाई गई।दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से ट्रक,ट्रैक्टर व अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर स्ट्रिप लगवाया गया।

यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए प्रशासन के सहयोग से रोशनी रहित मार्गों पर 180 स्ट्रीट लाइटों को लगवाया गया साथ ही यातायात संकेतों को भी बनवाया गया। जनपद में यातायात नियमों के प्रति जनता को जागरूक करने एवं पुलिस द्वारा लगातार सजग रहकर ड्यूटी करने के फलस्वरूप जनपद में अक्टूबर माह में पिछले वर्ष 21 सडक दुर्घटनाए हुई थी इस वर्ष 13 सडक दुर्घटनाए हुई है कुल 39%की कमी आई हैं। एवं मृतकों की संख्या पिछले वर्ष 9 थी इस वर्ष घटकर 07 हो गयी है इस प्रकार मृतकों की संख्या में कुल 33% की कमी आई है। एवं घायलो की संख्या पिछले वर्ष 22 थी इस वर्ष घटकर 09 हो गयी है इस प्रकार मृतकों की संख्या में कुल 59% की कमी आई है।

भविष्य मे भी इस तरह के अभियान जारी रहेगे साथ ही जनता के लोगो से भी अपील है कि यातायात व्यवस्था को और अधिक सुगम बनाने मे आप लोग सहयोग करें साथ ही अपेक्षा है कि अपने पारिवारिकजनों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरुक करेंगे।

महोबा पुलिस